Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 10 April 2024

Dainik Jagran Page - 02

'स्टडी इन इंडिया' से मिला नाम तो बढ़ा रुझान

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से दुनियाभर के देशों के विद्यार्थियों को भारत में पढ़ने के लेकर आकर्षित करने के लिए किए गए 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल से जुड़ने का फायदा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को भी मिलता दिख रहा है। विश्वविद्यालय में प्रवेश को लेकर बांग्लादेश व नेपाल सहित छह देशों के विद्यार्थियों ने रुचि दिखाई है। अन्य देशों में दक्षिणी अमेरिका का वेनेजुएला और अफ्रीका का घाना, सेनेगल और लेसोथो शामिल हैं। इन देशों के करीब दो दर्जन छात्रों ने विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्तुत किए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश को लेकर इच्छा जताई है और इसे लेकर विस्तृत जानकारी मांगी है।

विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल सेल के निदेशक डा. रामवत गुप्ता ने बताया कि 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल पर बीते दिनों विश्वविद्यालय ने नामांकन कराया था। उस प्लेटफार्म के जरिये गोरखपुर विश्वविद्यालय का नाम विदेश के विद्यार्थियों तक पहुंचा है।

- छह देशों के छात्रों ने गोवि में प्रवेश को लेकर दिखाई रुचि
- बांग्लादेश, वेनेजुएला, घाना, सेनेगल लेसोथो, नेपाल के छात्र सामने आए

इसी क्रम में दुनिया के छह देशों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की इच्छा जताते हुए अपना आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित किया है। विश्वविद्यालय की ओर से सभी को आफर लेटर भेज दिया गया है। विदेशी विद्यार्थियों का रुझान विशेष तौर से बीएससी माइक्रोबायोलाजी, बीकाम, बीएससी कृषि जैसे पाठ्यक्रमों के प्रति है। किसी भी विदेशी छात्र का प्रवेश लेने में प्रवेश प्रक्रिया की औपचारिक अड़चन न आए, इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से उनके लिए सीटों की सुपर न्यूमेरिक व्यवस्था की गई है। यानी उनके लिए मूल सीटों से अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। डा. रामवत ने बताया कि 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल पर नामांकन नैक से 'ए प्लस-प्लस ग्रेड' हासिल करने के चलते विश्वविद्यालय को मिला है। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में विश्वविद्यालय को सम्मानजनक स्थान मिलने के चलते विश्वविद्यालय के प्रति विदेश के विद्यार्थियों का आकर्षण बढ़ा है।

परास्नातक टापर्स को गोल्ड मेडल देगा गोवि

अमर उजाला, संवाददाता, गोरखपुर। सत्र 2023 के दीक्षांत समारोह में मेरिट बेस्ड पीजी कोर्स पास छात्रों को गोल्ड मेडल देने का निर्णय विश्वविद्यालय ने लिया है। इसके लिए विश्वविद्यालय के स्नातक डिग्री कोर्स पास की विंग टीबीसी की 18 टीजी टीचिंग कोर्स पास छात्रों को गोल्ड मेडल देने का निर्णय विश्वविद्यालय की अकादमिक कौंसिल ने लिया है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने 19 सितंबर को दीक्षांत समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। इस दौरान कुलसचिव प्रो. राजेश सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. पूनम टंडन, डीडीयू के डीन प्रो. राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अमरीश कुमार, प्रो. अजय कुमार, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. अनिल